सं0-2444/62-2-2014-14एम0आई0/97टीसी-III

प्रेषक,

डा0 सूर्य प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिचाई विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 08 सितम्बर,2014

विषय- वित्तीय वर्ष 2014-15 में जिला योजनान्तर्गत नि:शुल्क बोरिंग कार्यक्रम की 25 प्रतिशत बोरिंगों पर जल वितरण प्रणाली की स्थापना हेतु एच0डी0पी0ई0 पाइप मय आवश्यक फिटिंग के क्रय की प्रशासनिक स्वीकृति!

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-जी-10/ल0सिं0/भ0आ0/एफ0बी0-एच0डी0पी0ई0-90/2014-15, दिनांक 24-8-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उद्योग अनुभाग-7 के शासनादेश सं0-2117एल/18-7-94-15 (एस0पी0)/92, दिनांक 19-5-1998 में दी गयी व्यवस्थानुसार गठित क्रय समिति द्वारा संस्तुंति दे दी गयी है, वित्तीय वर्ष 2014-15 में नि:शुल्क बोरिंग योजनान्तर्गत 3270 कृषकों के लिए निर्मित नि:शुल्क बोरिंग में जल वितरण प्रणाली की स्थापना हेतु 90एम0एम0 नामिनल डायामीटर, 0.25 एम0पी0ए0 (क्लाज-1) मय आवश्यक फिटिंग आई0एस0 कोड-14151 (पार्ट-2/2008) सहज संजोयी पालीयेथिलीन पाइप एवं

http://shasanadesh.up.nic.in

फिटिंग सेट की, मैसर्स तिरूपति स्ट्रक्चरल्स लि0, गाजियाबाद से प्राप्त आईटमवार दरों के आधार पर निम्नलिखित तालिका के अनुसार क्रय किये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

S. No.	Description of Item	Required Qty. under available Budget	Basic Rate Ex-works (Rs.)	Average freight anywhere in U.P. at their Central District Store (Rs.)	F.O.R. destination rates excluding VAT etc. (Rs.) (4)+(5)
1	2	3	4	5	6
1-	ISI Marked **90mm** Nominal diameter, 0.25 MPA (Class-I) Quick Coupled Polyethylene Pipe (HDPE Pipe) in length of 6.0 meter (± 0.01 meter) IS Code 14151(Part-2):2008 with latest amendments.	1,11,864 Meter	100.50 Per Meter	5.50 Per Meter	106.00 Per Meter
2-	One Set of ISI Marked fittings (one number 90^0 Bend, one number 90^0 Tee, one number Ends cap and one number pump connecting nipple) suitable to fit with above pipe IS Code 14151(Part-2):2008 with latest amendments.	3270 Set	806.00 Per Set	22.00 Per Set	828.00 Per Set

नोट:- कालम-6 में दर्शायी गयी दरों के अतिरिक्त **VAT etc.** तत्समय प्रचलित दरों पर नियमानुसार अलग से देय होगा।

2- <u>शर्ते / प्रतिबन्ध</u>

(1) उपर्युक्त सभी पाइप का क्रय टेण्डर प्रपत्र में उल्लिखित निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकों के अनुरूप ही किया जायेगा।

(2) उपर्युक्त पाइप का भुगतान जिला योजना के अन्तर्गत प्रथम छमाही में नि:शुल्क् बोरिंग हेतु उपलब्ध धनराशि से ही किया जायेगा।

(3) सम्पूर्ण आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा निविदा आमंत्रण, निविदा शर्तो का निर्धारण व स्वीकृत दरों एवं स्वीकृत

http://shasanadesh.up.nic.in

आपूर्तिकर्ताओं के संबंध में समस्त उत्तरदायित्व मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई का होगा।

(4) उघोग विभाग के शासनादेश सं0-2177एल/18-7-94-15(एस0पी0)/92ख् दिनांक 17-10-1994 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत पाइप का क्रय, सामग्री क्रय नियमों के अनुसार है और प्रस्तावित पाइप उघोग निदेशालय, कानपुर द्वारा निर्णीत किये गये किसी दर अनुबन्ध के अन्तर्गत नही आता है।

(5) टेण्डर डाक्यूमेन्ट में उल्लिखित सभी प्राविधान फाइनेन्शियल हैण्ड बुक के वैल्यूम-5, भाग-1 में उल्लिखित नियमों तथा टेण्डर संबंधी अन्य नियमों के अन्तर्गत है, क्रय समिति का गठन उघोग विभाग के शासनादेश के अनुकूल है तथा क्रय हेतु वांछित पर्याप्त धनराशि बजट में उपलब्ध है।

(6) प्रस्तावित पाइप की मात्रा निविदित सीमा के अन्तर्गत है और निविदा की शर्तो के अनुसार है।

3- उक्त शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अक्षरश: एवं कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई का होगा।

भवदीय,

ह0/

(डा0 सूर्य प्रताप सिंह)

प्रमुख सचिव।

<u>सं0-2444(1)/62-2-2014,तद्दिनांक:-</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्:-

1- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0 प्र0 शासन।

2- प्रमुख सचिव, उघोग विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- सचिव, लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उघम अनुभाग-2, उ0 प्र0 शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- उघोग निदेशक, (सामग्री क्रय अनुभाग) उ0 प्र0 कानपुर।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/

(एस0पी0 सिंह)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in